# निवेशकों को आमंत्रित करने कोलकाता पहुंची मंत्रियों और अधिकारियों की टीम

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के नेतृत्व में एक टीम सोमवार को पश्चिम बंगाल पहुंच गई। यह टीम मंगलवार को कोलकाता में रोड शो करेगी।

औद्योगिक विकास मंत्री नंदी के साथ श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विकास राज्य मंत्री अजीत सिंह पाल भी गए हैं। सोमवार रात उद्योगपतियों के साथ टीम ने रात्रिभोज भी किया। इसमें जी सेन्चुरी ग्रुप के सजनभजनका सीमेंट ग्रुप के हरिमोहन बांगड़, प्रह्लाद राय अग्रवाल, हिमाद्रि

## नंदी, अनिल राजभर, दयाशंकर व अजीत पाल आज निवेशकों संग करेंगे मंथन

केमिकल्स के अनुज चौधरी, सुपर स्मेल्टर के दिलीप अग्रवाल और श्याम मेटेलिक्स के एमपी अग्रवाल शामिल हुए। कोलकाता के एक निजी होटल में मंगलवार की सुबह से ही मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की उद्यमियों के साथ बैठकों का दौर भी शुरू हो जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में पश्चिम बंगाल के उद्योगपति भी शामिल होंगे। मंत्रियों के साथ कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, सचिव एमएसएमई और निर्यात प्रोत्साहन प्रांजल यादव, यूपीसीडा सीईओ मयूर महेश्वरी, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम भी बैठकों में मौजूद रहेंगे।